- 31 मार्च 2021 की समाप्ति पर संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर का का बकाया लोक ऋण ₹10,567.84 करोड़ था तथा 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति पर ₹46,666 करोड़ की राशि भी है जिसे दो संघ शासित क्षेत्रों के मध्य द्विभाजित किया जाना है।
- संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के पास 31 मार्च 2021 की समाप्ति तक सरकारी कंपनियों, सांविधिक निगमों, सहकारी संस्थानों/स्थानीय निकायों और ग्रामीण बैंकों में ₹162.39 करोड़ का कुल निवेश था तथा वर्ष 2020-21 के दौरान लाभांश के रूप में कोई प्रतिफल प्राप्त नहीं हुआ था। उपर्युक्त के अतिरिक्त तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा ₹4,617.16 करोड़ का

किया गया निवेश भी है जिसे अभी तक दो संघ शासित क्षेत्रों के मध्य द्विभाजित किया जाना है।

- 31 मार्च 2021 की समाप्ति तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के पास ₹95.51 करोड़ के संवितरित बकाया ऋण थे। उपर्युक्त के अतिरिक्त, तत्कालीन राज्य पर 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति तक संवितरित ₹1,740.44 करोड़ की राशि के बकाया ऋण थे जिन्हें दो संघ शासित क्षेत्रों के मध्य विभाजित किया जाना है।
- वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की आरक्षित निधियों के अंतर्गत ₹771.13 करोड़ का शेष था। 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति तक ₹2,806 करोड़ की राशि आरक्षित निधियों के अंतर्गत भी शेष थी जिसे दो संघ शासित क्षेत्रों के मध्य द्विभाजित किया जाना है।

2.9 अनुशंसाएं

1. सरकार को अपने स्वयं के कर राजस्व के संवर्धन हेतु प्रयास करना चाहिए।
2. सरकार को अपने प्रतिबद्ध व्यय को न्यूनतम करने के लिए उपाय खोजने चाहिए जिससे विकास व्यय हेतु अधिक निधियाँ उपलब्ध करायी जा सकें।
3. सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश की गई पूँजी पर इसके द्वारा लिये गये उधार की पर्याप्त उच्च लागत को देखते हुए उचित प्रतिफल सुनिश्चित करने के उपाय खोजने चाहिए।
4. चूँकि सरकार द्वारा दिये गये ऋणों की वसूली खराब रही है, सरकार को ऋण एवं अग्रिमों को अनुदानों के रूप में मानने तथा उन्हें राजस्व व्यय के रूप में बुक करने पर विचार करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लेखे सही स्थिति प्रतिबिम्बित करते हैं।

अध्याय-III

बजटीय प्रबंधन

अध्याय-III

बजटीय प्रबंधन

3.1 बजट प्रकिया

बजट बनाने की वार्षिक गतिविधि से तात्पर्य लोक संसाधनों के प्रभावी उपयोग हेतु रोडमैप के विवरण के एक साधन से है। जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 43 और 44 के अंतर्गत विनियोग लेखे विनियोग अधिनियमों में संलग्न अनुसूचित परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट भिन्न-भिन्न प्रयोजनों के लिए दत्तमत अनुदानों और प्रभारित विनियोगों की राशियों की तुलना में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए सरकार के व्यय, दत्तमत और प्रभारित व्यय के लेखे हैं।

इस प्रकार, विनियोग लेखे, वित्त प्रबंधन और बजटीय प्रावधानों के अनुवीक्षण को सुकर बनाते हैं और इसलिए, वित्त लेखे के पूरक हैं। बजट शब्दावली ***परिशिष्ट 6*** में दी गयी है। बजट तैयार करने की सामान्य प्रक्रिया **चार्ट 3.1** में दी गई है।

चार्ट 3.1: बजट प्रकिया

सीएसएस: केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं; सीएस: केन्द्रीय योजनाएं

बजट 2020-21 के विभिन्न घटक ***चार्ट 3.2*** में चित्रित किये गये है:-

चार्ट 3.2: बजट के घटक



स्रोत: बजट नियपुस्तिका और विनियोग लेखाओं में वर्णित प्रक्रिया पर आधारित

3.1.1 वर्ष 2020-21 के दौरान कुल प्रावधानों, वास्तविक संवितरणों और बचतों का सार

वर्ष 2020-21 के दौरान, कुल बजट प्रावधान, संवितरण और बचत/ आधिक्य को, आगे इनके दत्तमत/प्रभारित द्विभाजन सहित एक सारांशीकृत स्थिति में नीचे दिया गया है:

तालिका 3.1: वर्ष 2020-21 के दौरान बजट प्रावधान, संवितरण और बचत/आधिक्य

(₹ करोड़ में)

कुल बजट प्रावधान		संवितरण		बचत (-)/ आधिक्य (+)	
दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत
1,00,254.92	33,340.81	56,782.00	40,004.29	(-)43,472.92	(+)6,663.48

3.1.2 प्रभारित और दत्तमत संवितरण

वर्ष 2020-21 के दौरान, दत्तमत अनुभाग के अंर्तगत ₹1,00,254.92 करोड़ के प्रावधान के प्रति ₹56,782.00 करोड़ का व्यय किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप ₹43,472.92 करोड़ की बचत हुई। हालांकि, प्रभारित अनुभाग के अंतर्गत ₹33,340.81 करोड़ के बजट प्रावधान के प्रति ₹40,004.29 करोड़ का व्यय किया गया है जिसके परिणामस्वरूप उक्त अवधि के दौरान, ₹6,663.48 करोड़ का व्यय आधिक्य हुआ जैसा कि उपर्युक्त तालिका में दर्शाया गया है।

3.2 विनियोग लेखे

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा विनियोगों की लेखापरीक्षा से यह अभिनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि क्या विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत वास्तविक रूप से किया गया व्यय विनियोग अधिनियम के अंतर्गत दिये गये प्राधिकार के अनुरूप है और प्रावधानों के अंतर्गत प्रभारित किया जाने वाला अपेक्षित व्यय, उतना ही प्रभारित किया गया है। इससे यह भी अभिनिश्चित किया जाता है कि क्या किया गया व्यय कानूनों, प्रासंगिक नियमों, विनियमों और अनुदेशों के अनुरूप है।

3.3 बजटीय और लेखांकन प्रक्रिया की एकरूपता पर टिप्पणियाँ

3.3.1 विधि के प्राधिकार के बिना किया गया व्यय

जेएण्डके पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 43 के प्रावधानों के अनुरूप विनियोग के अंतर्गत विधि द्वारा पारित किये जाने के अतिरिक्त, संघ शासित क्षेत्र की समेकित निधि से कोई धन आहरित नहीं किया जाएगा।

वर्ष 2020-21 के दौरान बजटीय प्रावधानों के बिना 53 योजनाओं/ उपशीर्षों के अंतर्गत 16 अनुदानों ***(परिशिष्ट 3.1)*** में ₹6,714.34 करोड़ की राशि का व्यय किया गया था जिसके नियमितीकरण की आवश्यकता है।

3.3.2 पूँजीगत व्यय के रूप में राजस्व प्रकृति वाले व्यय का वर्गीकरण या विलोमत:

राजस्व प्रकृति वाले व्यय का पूँजीगत व्यय के रूप में या इसके विलोमतः वर्गीकरण का परिणाम राजस्व व्यय और राजस्व घाटे/अधिशेष के अधिक आंकलन/कम आंकलन के रूप में हुआ।

वर्ष 2020-21 के दौरान, राजस्व व्यय के ₹189.81 करोड़ की राशि, जैसा नीचे विवरण दिया है, व्यय के पूँजीगत मुख्य शीर्षों के अंतर्गत संवितरित की गयी थी, जिसके परिणाम स्वरूप पूँजीगत व्यय का अधिक आंकलन और राजस्व व्यय का कम आंकलन किया गया तथा ₹189.81 करोड़ की सीमा तक राजस्व घाटा हुआ।

तालिका 3.2: पूँजीगत व्यय के रूप में राजस्व प्रकृति वाले व्यय का वर्गीकरण

क्र.सं.	लेखा का मुख्य शीर्ष	गलत वर्गीकरण का प्रकार	राशि *(₹ करोड़ में)*
1.	4210, 4225, 4401 एवं 4515	पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत सहायता अनुदान	61.59
2.	4235	पूँजीगत व्यय के रूप में बुक किया गया वेतन	0.17

क्र.सं.	लेखा का मुख्य शीर्ष	गलत वर्गीकरण का प्रकार	राशि *(₹ करोड़ में)*
3.	4401, 4402 एवं 5055	पूँजीगत व्यय के रूप में बुक सहायिकी	128.05
		कुल	**189.81**

3.3.3 अनावश्यक या अपर्याप्त अनुपूरक अनुदान

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 44 के अनुसार, वर्ष के लिए विनियोग अधिनियम द्वारा किये गये प्रावधान पर एक अनुपूरक या अतिरिक्त अनुदान, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिये जा सकते हैं।

वर्ष के दौरान प्रत्येक मामले में ₹50 लाख या उससे अधिक को शामिल करते हुए 11 मामलों में प्राप्त कुल ₹12,393.19 करोड़ के अनुपूरक प्रावधान अनावश्यक सिद्ध हुए क्योंकि व्यय मूल प्रावधानों के स्तर तक नहीं आयाथा जैसा कि ***परिशिष्ट 3.2*** में वर्णित है। दूसरी ओर, अनुदान 08-वित्त विभाग, (प्रभारित पूँजी) में ₹520.85 करोड़ का अनुपूरक अनुदान आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं ***(चार्ट 3.3)*** था।

चार्ट 3.3: अनावश्यक और अपर्याप्त अनुपूरक प्रावधान



स्रोत: वित्त लेखे.

सरकार बृहत् बचतों और अनुपूरक प्रावधानों से बचने के लिए यथार्थवादी बजट अनुमानों को तैयार करने पर विचार कर सकती है।

3.4 महत्त्वपूर्ण बचतें

जेएण्डके बजट नियम पुस्तिका के अनुसार, व्यय करने वाले विभागों को जब भी होने वाली बचतों का पूर्वानुमान हो तो, अनुदानों/विनियोगों या उसका भाग वित्त विभाग

को अभ्यर्पित करना अपेक्षित है। 31 मार्च 2021 को 34 अनुदान थे जिनमें ₹दस करोड़ और उससे अधिक की बचतें हुई थी, जिसमें 30 अनुदान शामिल थे जिनमें ₹100 करोड़ और उससे अधिक की बचत देखी गई थी। वर्ष 2020-21 के दौरान बचतों की प्रतिशतता अनुदान के कुल विनियोग के 17 प्रतिशत और 80 प्रतिशत के बीच रही थी। हालांकि, संबंधित विभागों द्वारा बचतों के पूर्वानुमान में कोई अभ्यर्पण नहीं किया गया था। इन मामलों में बचतें ₹41,846.32 करोड़ के आदेश की थी। प्रासंगिक विवरण ***परिशिष्ट 3.3*** में दर्शाये गये हैं। उपर्युक्त बचतों में पूँजीगत अनुभाग के अंतर्गत विभागों द्वारा ₹31,927.59 करोड़ की राशि के 25 अनुदानों में ₹100 करोड़ और उससे अधिक की बृहत् बचतें भी शामिल हैं, यह इंगित करता है कि सरकार विकासात्मक गतिविधियों/परिसंपत्तियों के सृजन के लिए चिह्नित निधियों का उपयोग नहीं कर सकी। वर्ष 2020-21 के दौरान पूँजीगत अनुभाग के अंतर्गत बचतें अनुदान के कुल विनियोग के 19 प्रतिशत और 99 प्रतिशत के बीच रही।

3.4.1 प्रत्येक अनुदान के अंतर्गत प्रावधान की उपयोगिता का प्रतिशत

अनुदानों की उपयोगिता की लेखापरीक्षा जाँच में प्रकट हुआ कि 35 अनुदानों में से, 34 अनुदानों में, उपयोगिता 20 प्रतिशत और 83 प्रतिशत के बीच रही। शेष एक अनुदान में 11 प्रतिशत की अधिक उपयोगिता रही जिसके परिणामस्वरूप 2020-21 के दौरान प्रावधानों पर आधिक्य हुआ, जैसा कि ***परिशिष्ट 3.4*** में विवरण दिया गया है। इन विभागों द्वारा बचतें (कम उपयोग) सरकार द्वारा योजनाओं/निर्माण कार्यों की गैर-प्राथमिकता का सूचक है या संबंधित विभागों/कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन में अकुशलता है। इस अवधि के दौरान विभागों द्वारा बजट प्रावधानों से अनुदानों का अधिक उपयोग व्यय आधिक्य किये जाने को इंगित करता है जिसे विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुसार नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

3.4.2 बचतों की प्रतिशतता द्वारा समूहीकृत अनुदानों/विनियोगों की संख्या का वितरण

विनियोग लेखापरीक्षा का परिणाम 5 अनुदानों में ₹8,185.68 करोड़ की राशि की 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत, 12 अनुदानों में ₹6,916.29 करोड़ की राशि की 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत और 11 अनुदानों में ₹9,878.17 करोड़ की राशि की 50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत और 6 अनुदानों में ₹16,866.19 करोड़ की राशि की 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की बचतों को दर्शाता है।

विभागों द्वारा अनुदानों का कम उपयोग इंगित करता है कि सरकार नियोजित प्रयोजनों हेतु चिह्नित निधियों का उपयोग नहीं कर सकी।

चार्ट 3.4: प्रत्येक समूह में ₹ करोड़ में कुल बचतों सहित बचतों की प्रतिशतता द्वारा समूहीकृत अनुदानों/ विनियोगों की संख्या का वितरण



3.5 शून्य व्यय के साथ अनुदान

139 योजनाओं को शामिल करते हुए 25 अनुदानों के अंतर्गत ₹18,134.91 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान, जैसा कि ***परिशिष्ट 3.5*** में विवरण दिया गया है, वर्ष के दौरान अनुपयोगी रहा जिसके परिणामस्वरूप जनसाधारण अभिप्रेत लाभों से वंचित रहा। प्रावधान को उन योजनाओं/कार्यों में पुनर्प्रभाजित किया जा सकता था जहाँ प्रावधान पर आधिक्य व्यय था।

3.5.1 नियमितीकरण की आवश्यकता वाले प्रावधानों पर आधिक्य

जेएण्डके पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 43 के अनुसार, विनियोग के अंतर्गत इस धारा के प्रावधानों सहित विधि द्वारा पारित किए जाने के अतिरिक्त, संघ शासित क्षेत्र की समेकित निधि से कोई धन आहरित नहीं किया जाएगा।

वर्ष 2020-21 के दौरान सरकार द्वारा अनुदान संख्या 08 (वित्त विभाग) में पूँजीगत प्रभारित अनुभाग के अंतर्गत ₹7,094.29 करोड़ की राशि का आधिक्य व्यय किया गया है।

वर्ष 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) के दौरान संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा ₹3,875.61 करोड़ की राशि जैसा कि ***परिशिष्ट 3.6*** में विवरण दिया गया है, का आधिक्य व्यय भी किया गया था। यह अनियमितता उक्त धारा का उल्लंघन है और 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021 तक की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित कुल ₹10,969.90 करोड़ की राशि को नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

3.5.2 तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित विगत वित्तीय वर्षों के आधिक्य व्यय का नियमितीकरण

वर्ष 1980-81 से विनियोग लेखाओं पर पीएसी में चर्चा नहीं की गयी थी तथा वर्ष 1980-81 से 2019-20 (01.04.2019 से 30.10.2019 तक) के लिए तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित कुल ₹1,24,004.41 करोड़ के व्यय आधिक्य को अभीतक नियमित किया जाना है जैसाकि ***परिशिष्ट 3.7*** में विवरण दिया गया है। ऐसी विस्तारित अवधि के लिए शेष अनियमित आधिक्य व्यय बजटीय और वित्तीय नियंत्रण की प्रणाली को निष्फल करता है और सार्वजनिक संसाधनों के प्रबंधन में वित्तीय अनुशासनहीनता को प्रोत्साहित करता है।

3.6 पूँजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान

सहायता अनुदान एक सरकार से दूसरी सरकार, निकाय, संस्था या व्यक्ति को दी गई सहायता, दान या अंशदानों की प्रकृति में भुगतान हैं। परिसंपत्तियों के निर्माण सहित किसी संस्थान को सहायता देने के विनिर्दिष्ट उद्देश्य हेतु सहायता अनुदान दिया जाता है।

आईजीएएस 2 के अनुसार, ऐसे मामलों, जहाँ भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से अधिकृत किया गया हो, के अतिरिक्त अनुदानकर्ता द्वारा अनुदानग्राही को संवितरित सहायता अनुदान को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत और लेखाबद्ध किया जाएगा, चाहे वह उद्देश्य कुछ भी हो जिसके लिए सहायता अनुदान के रूप में वितरित की गई धनराशि को अनुदानग्राही द्वारा खर्च किया जाना है। यह देखा गया है कि वर्ष 2020-21 के दौरान पूँजीगत व्यय के रूप में जीआईए की बुकिंग हुई जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 3.3: पूँजीगत व्यय के रूप में जीआईए के वर्गीकरण की सीमा

(₹ करोड़ में)

मद	**2020-21**
पूँजीगत व्यय के रूप में बुक किया गया जीआईए	61.59
कुल पूँजीगत व्यय	10,470.38
पूँजीगत व्यय में जीआई का अंश (प्रतिशत में)	0.59
राजस्व घाटा (-)/ राजस्व बचत (+)	(-)138.27
राजस्व घाटा (-)/राजस्व अधिशेष (+), यदि जीआईए से व्यय को राजस्व व्यय के रूप में माना जाए।	(-)199.86

स्रोत: वित्त लेखे

वर्ष 2020-21 तक की अवधि के दौरान पूँजीगत व्यय के रूप में जीआईए के गलत वर्गीकरण के परिणामस्वरूप राजस्व घाटा ₹61.59 करोड़ तक कम आंका गया।

3.7 बजटीय एवं लेखांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर टिप्पणियाँ

3.7.1 एकमुश्त बजटीय प्रावधान

जम्मू एवं कश्मीर बजट नियमपुस्तिका उपबंध करती है कि "एकमुश्त प्रावधान, यदि आवश्यक हो तो केवल बहुत ही दुर्लभ मामलों में ही किया जाना चाहिए। संक्षेप में, बजट में एकमुश्त प्रावधानों के समावेशन को अपवाद रूप में लें तथा नियम के रूप में इसका पालन नहीं किया जाना चाहिए।" व्यय के सटीक उद्देश्य की पहचान किए बिना एकमुश्त प्रावधान पारदर्शिता के विरुद्ध हैं।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि ₹7,596.38 करोड़ का एकमुश्त बजटीय प्रावधान, जो कि अनुदान के ₹45,535.59 करोड़ के कुल प्रावधान का 17 प्रतिशत है, नियंत्रण अधिकारियों के पास जेएण्डके बजट नियमपुस्तिका के उल्लंघन में विस्तृत शीर्ष-वार/योजना-वार प्रावधानों की अपेक्षा तीन प्रमुख शीर्षों के अंतर्गत अनुदान संख्या 08 (वित्त विभाग) में रखा गया था, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

तालिका 3.4: बजटीय तथा लेखांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर टिप्पणियाँ

(₹ करोड़ में)

अनुदान संख्या	अनुदान का नाम	एमएच	प्रावधान	व्यय	अनुदान में कुल प्रावधान	अनुदान के कुल प्रावधान हेतु एकमुश्त प्रावधान की प्रतिशतता
8	वित्त विभाग	2071-पेन्शन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभ	7,297.29	8,008.92	**45,535.59**	17 प्रतिशत
		2030- स्टाम्प एवं पंजीकरण	6.91	4.54		
		2049- ब्याज भुगतान	292.18	1,052.96		
		कुल	**7,596.38**	**9,066.42**		

3.8 बजटीय तथा लेखांकन प्रक्रिया की प्रभावशीलता पर टिप्पणियाँ

3.8.1 *बजट प्रक्षेपण और अनुमान तथा वास्तविक के मध्य अंतर*

वर्ष 2020-21 के दौरान व्यय के लिए कुल प्रावधान ₹1,33,595.72 करोड़ था। वर्ष के दौरान वास्तविक व्यय ₹96,786.29 करोड़ (72 प्रतिशत) था। इसके परिणामस्वरूप 2020-21 की अवधि के दौरान ₹36,809.94 करोड़ की बचतें हुई। वर्ष

2020-21 के दौरान 35 अनुदानों/विनियोगों के प्रति वास्तविक व्यय की संक्षिप्त स्थिति नीचे दी गयी है:

तालिका 3.5: वर्ष 2020-21 के दौरान बजट (मूल/अनुपूरक) प्रावधानों की तुलना में वास्तविक व्यय की संक्षिप्त स्थिति

(₹ करोड़ में)

	व्यय की प्रकृति	मूल अनुदान/ विनियोग	अनुपूरक अनुदान/ विनियोग	कुल	वास्तविक व्यय	निवल बचत (-) आधिक्य (+)	मार्च 2021 के दौरान अभ्यर्पण	
							राशि	प्रतिशत
दत्तमत	I. राजस्व	55,670.39	1,669.39	57,339.78	46,208.14	(-)11,131.64	शून्य	शून्य
	II. पूँजीगत	34,408.04	8,399.20	42,807.24	10,487.22	(-)32,320.02	शून्य	शून्य
	III. ऋण एवं अग्रिम	107.90	0.00	107.90	61.64*	(-)46.26	शून्य	शून्य
	कुल	**90,186.33**	**10,068.59**	**1,00,254.92**	**56,757.00**	**(-)43,497.92**	**शून्य**	**शून्य**
प्रभारित	IV. राजस्व	6,993.48	-121.70	6,871.78	6,440.97	(-)430.81	शून्य	शून्य
	V. पूँजीगत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	शून्य	शून्य
	VI. लोक ऋण-पुनर्भुगतान	25,948.18	520.85	26,469.03	33,563.32	7,094.29	शून्य	शून्य
	कुल	**32,941.66**	**399.15**	**33,340.81**	**40,004.29**	**6,663.48**	**शून्य**	**शून्य**
आकस्मिकता निधि के लिए विनियोग (यदि कोई हो)		0.00	0.00	0.00	25.00	25.00	शून्य	शून्य
	कुल योग	**1,23,127.98**	**10,467.74**	**1,33,595.72**	**96,786.29**	**(-)36,809.44**	**शून्य**	**शून्य**

*स्रोतः विनियोग लेखे *एवं वित्त लेखे खण्ड-I (विवरण-7)*

अनुदानों में बचतें, अनुदानों के अधिक निर्धारण का संकेत है जिसके परिणामस्वरूप बचतें हुई है। इसके अलावा, अवधि के दौरान कुछ विभागों में अत्यधिक बचतें अन्य विभागों के निधियों से वंचित होने का संकेत है जिसका वे उपयोग कर सकते हैं और निधियों (बचतों) का गैर-अभ्यर्पण जेएण्डके बजट नियमपुस्तिका के अनुदेशों का उल्लंघन है।

3.8.2 व्यय की बहुलता

सामान्य वित्तीय नियमों के नियम 62(3) में उपबंधित है कि विशेष रूप से वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में व्यय की बहुलता को वित्तीय औचित्य का उल्लंघन माना जाता है और इससे बचा जाना चाहिए। इसके विपरीत, चार अनुदानों के संबंध में, वर्ष के कुल व्यय का 50 प्रतिशत से अधिक व्यय मार्च 2021 के दौरान ही किया गया है और व्यय का प्रतिशत कुल व्यय का 56 और 64 प्रतिशत के बीच रहा। इसी प्रकार, सात अनुदानों में वर्ष के कुल व्यय के 50 प्रतिशत से अधिक व्यय वर्ष की अंतिम

तिमाही के दौरान किया गया है और व्यय का प्रतिशत 57 प्रतिशत और 76 प्रतिशत के बीच रहा, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका 3.6: अकेले मार्च में 50 प्रतिशत से अधिक व्यय सहित अनुदान

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	अनुदान सं.	अनुदान का नाम	व्यय							
			प्रथम तिमाही	द्वितीय तिमाही	तृतीय तिमाही	चतुर्थ तिमाही	कुल	चतुर्थ तिमाही में व्यय की प्रतिशता	मार्च में व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशता
1.	3	योजना एवं विकास विभाग	30.55	52.09	93.76	399.29	**575.69**	69.36	340.08	59.07
2.	19	आवास एवं शहरी विकास विभाग	415.74	21.36	218.35	869.11	**1,524.56**	57.01	851.79	55.87
3.	20	पर्यटन विभाग	20.98	27.66	31.85	106.49	**186.98**	56.95	84.51	45.20
4.	29	परिवहन विभाग	25.38	18.46	22.98	118.40	**185.22**	63.92	108.49	58.57
5.	30	जनजातीय मामले विभाग	3.87	6.19	16.00	47.57	**73.63**	64.61	34.96	47.48
6.	32	उद्यान कृषि विभाग	27.07	32.26	48.75	189.60	**297.68**	63.69	129.85	43.62
7.	35	विज्ञान एवं तकनीकी विभाग	2.40	2.63	3.02	25.67	**33.72**	76.13	21.64	64.18

3.9 चयनित अनुदानों की समीक्षा

35 अनुदानों में से नमूना जाँच किये गये दो अनुदानों (अनुदान संख्याः 06 विद्युत विकास विभाग और अनुदान संख्याः 08 वित्त विभाग) की बजटीय प्रक्रिया और व्यय पर नियंत्रण की समीक्षा की गई तथा लेखापरीक्षा प्रेक्षण निम्नलिखित पैराग्राफों में दिये गये हैं।

3.9.1 अनुदान संख्या 06: विद्युत विकास विभाग

तालिका 3.7: अनुदान संख्या 06 के अंतर्गत बचत/ आधिक्य

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	मुख्य शीर्ष		बजट आबंटन			बुक किया गया व्यय	आधिक्य/ बचत
			मूल अनुदान	अनुपूरक अनुदान	कुल		
1	2801	विद्युत	3,968.98	-201.27	3,767.71	2,812.84	-954.87
कुल राजस्व दत्तमत			**3,968.98**	**-201.27**	**3,767.71**	**2,812.84**	**-954.87**

2	4801	विद्युत परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय	3,522.90	10,110.74	13,633.65	589.57	-13,044.07
कुल पूँजीगत दत्तमत			**3,522.90**	**10,110.74**	**13,633.65**	**589.57**	**-13,044.07**
कुल			**7,491.88**	**9,909.47**	**17,401.35**	**3,402.41**	**-13,998.94**

(i) अनुदान के अंतर्गत ₹17,401.35 करोड़ के कुल आबंटन के प्रति, केवल ₹3,402.41 करोड़ का व्यय बुक किया गया था और वर्ष के दौरान ₹13,998.94 करोड़ (80 प्रतिशत) की राशि अव्ययित रही जो इंगित करता है कि विभाग ने वर्ष 2020-21 के दौरान अयथार्थवादी बजट प्रावधान किये परिणामस्वरूप, राजस्व दत्तमत में ₹954.87 करोड़ और पूँजीगत दत्तमत अनुभाग में ₹13,044.07 करोड़ की बचत हुई।

(ii) आठ योजनाओं ***(परिशिष्ट 3.8)*** में ₹12,037.22 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान अप्रयुक्त रहा जिसके परिणामस्वरूप जनसाधारण अभिप्रेत लाभों से वंचित रहा।

(iii) वर्ष 2020-21 की समाप्ति पर, 12 मामलों ***(परिशिष्ट 3.9)*** में ₹1,960.81 करोड़ की बचत संबंधित विभाग द्वारा अभ्यर्पित नहीं की गयी थी। अनुदानों में बचत, अनुदानों के अधिक निर्धारण का संकेत है जिसके परिणामस्वरूप बचत होती है और निधियों (बचतों) का गैर-अभ्यर्पण भी संघ शासित क्षेत्र बजट नियमपुस्तिका के अनुदेशों का उल्लंघन है।

3.9.2 अनुदान संख्या 08: वित्त विभाग

तालिका 3.8: अनुदान संख्या 08 के अंतर्गत बचत/ आधिक्य

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्र	बजट आबंटन			बुक किया गया व्यय	आधिक्य/ बचत
		मूल अनुदान	अनुपूरक अनुदान	कुल आबंटन		
1	राजस्व (दत्तमत-प्रभारित)	15,604.72	1,245.80	16,850.52	16,188.68	-661.84
2	पूँजीगत (दत्तमत-प्रभारित)	31,147.50	-2,462.43	28,685.07	34,358.79	5,673.72
3	आकस्मिकति निधि के लिए विनियोग	0.00	0.00	0.00	25.00	25.00
	कुल	**46,752.22**	**-1,216.63**	**45,535.59**	**50,572.47**	**5,036.88**

(i) अनुदान के अंतर्गत ₹45,535.59 करोड़ के कुल आबंटन के प्रति, ₹50,572.47 करोड़ का व्यय बुक किया गया जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020-21 के दौरान ₹5,036.88 करोड़ का अधिक व्यय हुआ जो इंगित करता

है कि विभाग ने अयथार्थवादी बजट प्रावधान किये हैं जिसके परिणामस्वरूप दत्तमत/प्रभारित राजस्व में ₹661.84 करोड़ की बचत हुई है तथा पूँजीगत दत्तमत/प्रभारित अनुभाग में ₹5,673.72 करोड़ का आधिक्य हुआ। आकस्मिकता निधि में विनियोग के कारण ₹25 करोड़ का अधिक व्यय हुआ है।

(ii) वर्ष 2020-21 के दौरान बिना बजटीय प्रावधानों के 40 योजनाओं/उपशीर्षों ***(परिशिष्ट 3.10)*** के अंतर्गत ₹9,892.76 करोड़ की राशि का व्यय किया गया था जिसे नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

(iii) 14 योजनाओं, जैसा कि ***(परिशिष्ट 3.11)*** में विवरण दिया गया है, में ₹2,656.07 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान अप्रयुक्त रहा जिसके परिणामस्वरूप जन साधारण अभिप्रेत लाभों से वंचित रहा।

(iv) वर्ष 2020-21 की समाप्ति पर, 43 मामलों ***(परिशिष्ट 3.12)*** में ₹3,561.38 करोड़ की बचत संबंधित विभाग द्वारा अभ्यर्पित नहीं की गई थी। अनुदानों में बचतें, अनुदानों के अधिक निर्धारण का संकेत है जिसके परिणामस्वरूप बचतें होती है और निधियों (बचतों) का गैर-अभ्यर्पण भी बजट नियमपुस्तिका के अनुदेशों का उल्लंघन है।

(v) वर्ष 2020-21 के दौरान दो योजनाओं ***(परिशिष्ट 3.13)*** में ₹1,384.25 करोड़ का आधिक्य व्यय किया गया है जिसे नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

3.10 निष्कर्ष

- बजट का समग्र उपयोग वर्ष 2020-21 के दौरान अनुदान और विनियोग की कुल राशि से 27 प्रतिशत कम था। बजटीय आबंटन अयथार्थवादी प्रस्तावों पर आधारित थे क्योंकि कुल 35 अनुदानों में से, 25 अनुदानों में, पूँजीगत अनुभाग में ₹100 करोड़ से अधिक की बचतें थी।

- दत्तमत अनुभाग के अंतर्गत ₹1,00,254.92 करोड़ के उपलब्ध प्रावधान के प्रति, ₹56,782.00 करोड़ का व्यय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ₹43,472.92 करोड़ की बचत हुई, जबकि प्रभारित अनुभाग के अंतर्गत ₹33,340.81 करोड़ के प्रावधान के प्रति, ₹40,004.29 करोड़ का व्यय किया

गया था जिसके परिणामस्वरूप 2020-21 के दौरान ₹6,663.48 करोड़ का आधिक्य व्यय हुआ।

- 2020-21 के दौरान बजटीय प्रावधानों के बिना 16 अनुदानों में 53 योजनाओं/उपशीर्षों के अंतर्गत ₹6,714.34 करोड़ की राशि व्यय की गयी थी।
- 11 मामलों में प्राप्त कुल ₹12,393.19 करोड़ के अनुपूरक प्रावधान, जिसमें वर्ष के दौरान प्रत्येक मामले में ₹50 लाख या अधिक शामिल थे, अनावश्यक सिद्ध हुए क्योंकि व्यय मूल प्रावधानों के स्तर तक नहीं आया था।
- 31 मार्च 2021 तक 34 अनुदानों में, ₹दस करोड़ और उससे अधिक की बचत देखी गयी थी, जिसमें 30 अनुदान शामिल थे जिनमें ₹100 करोड़ और उससे अधिक की बचतें देखी गयी थी।
- वर्ष के दौरान 25 अनुदानों के अंतर्गत ₹18,134.91 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान, जिसमें 139 योजनाएं शामिल थी, अप्रयुक्त रहा जिसके परिणामस्वरूप जनसाधारण अभिप्रेत लाभों से वंचित रहा।
- अनुदान संख्या 06- विद्युत विकास विभाग की समीक्षा से प्रकट हुआ कि अनुदान के अंतर्गत ₹17,401.35 करोड़ के बजट/विनियोग के प्रति, केवल ₹3,402.41 करोड़ का व्यय बुक किया गया था और ₹13,998.94 करोड़ की राशि 2020-21 के दौरान अव्ययित रही। यह दर्शाता है कि बजट अनुमान या तो अयथार्थवादी रूप से बनाये गये थे या विभाग ने अवधि के दौरान राशि का संवितरण नहीं किया था और बचतें भी अभ्यर्पित नहीं की गयी थी। इसके अतिरिक्त, आठ योजनाओं में ₹12,037.22 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान अप्रयुक्त रहा जिसके परिणामस्वरूप जनसाधारण को अभिप्रेत लाभों से वंचित रहना पड़ा।
- अनुदान संख्या 08- वित्त विभाग की समीक्षा से प्रकट हुआ कि अनुदान के अंतर्गत ₹45,535.59 करोड़ के कुल आबंटन के प्रति ₹50,572.47 करोड़ का व्यय बुक किया गया था जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020-21 के दौरान ₹5,036.88 करोड़ का आधिक्य व्यय हुआ जो इंगित करता है कि विभाग ने अयथार्थवादी बजट प्रावधान किये जिसके परिणामस्वरूप राजस्व दत्तमत/

प्रभारित में ₹661.84 करोड़ की बचत हुई और पूँजीगत दत्तमत/प्रभारित अनुभाग में ₹5,698.72 करोड़ की अधिकता हुई।

- बजटीय प्रावधानों के बिना 40 योजनाओं/उपशीर्षों के अंतर्गत ₹9,892.76 करोड़ की राशि का व्यय किया गया था।
- वर्ष के दौरान 14 योजनाओं को शामिल करते हुए ₹2,656.07 करोड़ का संपूर्ण बजट प्रावधान अप्रयुक्त रहा।
- 43 मामलों में, विभाग द्वारा ₹3,561.38 करोड़ की बचत अभ्यर्पित नहीं की गयी थी।
- वर्ष 2020-21 के दौरान दो योजनाओं में ₹1,384.25 करोड़ का आधिक्य व्यय किया गया था।

3.11 अनुशंसाएं

1. सरकार को अपनी बजटीय धारणाओं में अधिक यथार्थवादी होना चाहिए और बचतों/ आधिक्य व्यय में कटौती के लिए कुशल नियंत्रण क्रियाविधि सुनिश्चित करनी चाहिए।
2. अनुमोदित अनुदानों से अधिक व्यय आधिक्य को यथाशीघ्र नियमित किया जाए।
3. सरकार वर्ष के अंत में व्यय की बहुलता से बचने के लिए वित्तीय अनुवीक्षण के सुदृढ़ीकरण पर विचार कर सकती है।
4. बजट के उचित विश्लेषण और सार्थक विनियोग लेखे तैयार करने को सुकर बनाने के लिए आबंटन से व्यय में भिन्नता की व्याख्या करने हेतु नियंत्रण अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व से अवगत कराने की आवश्यकता है।

अध्याय-IV

लेखाओं एवं वित्तीय रिपोर्टिंग रीतियों की गुणवत्ता

अध्याय-IV

लेखाओं एवं वित्तीय रिपोर्टिंग रीतियों की गुणवत्ता

प्रासंगिक तथा विश्वसनीय सूचना के साथ एक यथार्थ आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली प्रमुख रूप से संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा कुशल तथा प्रभावी शासन में योगदान देती है। इस प्रकार वित्तीय नियमावली, प्रक्रियाओं तथा निर्देशों के अनुपालन के साथ-साथ ऐसे अनुपालन की स्थिति पर रिपोर्टिंग की सामयिकता तथा गुणवत्ता अच्छे शासन की विशेषताओं में से एक है। अनुपालन तथा नियंत्रणों पर प्रतिवेदन, यदि प्रभावी और परिचालनात्मक हो, तो कार्यनीति योजना बनाने तथा निर्णय लेने सहित इसके आधारभूत कार्यधीशता उत्तरदायित्वों को प्राप्त करने में सरकार की सहायता करते हैं।

लेखाओं की पूर्णता संबंधी मुद्दे

4.1 संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के लोक लेखा या समेकित निधि से बाहर की निधियाँ

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 67 उपबंध करती है कि भारत सरकार द्वारा संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर में प्राप्त सभी राजस्व या किसी भी मामले के संबंध में उपराज्यपाल, जिसके संबंध में संघ शासित क्षेत्र की विधानसभा को कानून बनाने की शक्ति प्राप्त है और भारत की समेकित निधि से संघ शासित क्षेत्र को दिये गये सभी अनुदान तथा दिये गये ऋण और संघ शासित क्षेत्र की समेकित निधि की प्रतिभूति पर भारत सरकार या संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल द्वारा लिये गये सभी ऋण और संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा ऋणों के पुनर्भुगतान में प्राप्त समस्त धनराशि एक समेकित निधि निर्मित करेगी। जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में उपबंधित रीति और उद्देश्य के लिए तथा विधि के अनुरूप के अतिरिक्त, इस निधि से कोई धन विनियोजित नहीं किया जा सकता। व्यय की कुछ श्रेणियाँ (जैसे, संवैधानिक प्राधिकारियों के वेतन, ऋण पुनर्भुगतान इत्यादि), जम्मू एवं कश्मीर की समेकित निधि (प्रभारित व्यय) पर प्रभार का निर्माण करती हैं और विधानमण्डल द्वारा मतदान के अध्यधीन नहीं हैं। अन्य सभी व्यय (दत्तमत व्यय) विधानमण्डल द्वारा दत्तमत होते हैं।

4.1.1 भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर

भारत सरकार ने कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए उपकर उदग्रहण एवं संग्रहण करने के लिए भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) अधिनियमित किया। अधिनियम, अन्य बातों के साथ, एक भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का गठन और अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक सरकार द्वारा नियमावली तैयार करना अनिवार्य है। तदनुसार, जम्मू एवं कश्मीर की तत्कालीन राज्य सरकार ने अधिनियम के अंतर्गत भवन और अन्य निर्माण कामगार (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) नियमावली 2006 बनायी और 2007 में जम्मू एवं कश्मीर भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का गठन किया। बोर्ड श्रम उपकर जमाओं के रूप में सरकार द्वारा जमा की गई राशि का परिचालन और अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी है।

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की सरकार ने उसी नियमावली को जारी रखा। वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र सरकार ने विभिन्न प्रमुख मदों के अंतर्गत श्रम उपकर के रूप में ₹124.41 करोड़ का संग्रहण किया और संम्पूर्ण राशि भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड को हस्तांतरित कर दी। 31 मार्च 2021 को श्रम उपकर का अंतशेष ₹615.58 करोड़ था।

4.1.2 जल उपयोग प्रभार

25 अक्टूबर 2012 और 27 अक्टूबर 2014 को संशोधित जम्मू एवं कश्मीर जल संसाधन (विनियमन और प्रबंधन) अधिनियम, 2010 के प्रावधानों के अंतर्गत जल विद्युत उत्पादन कंपनियों पर 5 पैसे से 25 पैसे प्रति क्यूबिक मीटर पानी की दर से जल उपयोग प्रभारों की उगाही की जा रही है। अधिनियम के अंतर्गत, जम्मू एवं कश्मीर बैंक में एक खाता संख्या के रूप में एक निधि को निर्मित किया जाना था या एक उचित लेखा शीर्ष का आबंटन किया जाना था। जल उपयोग प्रभार के रूप में वसूल की गई राशि को इस प्रकार सृजित किये गये लेखे/शीर्ष में जमा किया जाना थातथा जलविद्युत और बहु-उद्देशीय जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए और राज्य में पहले से स्थापित जल विद्युत ऊर्जा परियोजनाओं को पुनः खरीदने और बिजली की खरीद के लिए उपयोग किया जाना था। 31 मार्च 2021 तक जल उपयोग प्रभारों/ब्याज के कारण ₹15.31 करोड़ की राशि उपर्युक्त बचत बैंक खाते में थी जो संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की समेकित निधि से बाहर रही।

4.1.3 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) के बैंक खातों में पड़ी हुयी अव्ययित राशि

संघ शासित क्षेत्र (अगस्त 2021) सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 31 मार्च 2021 तक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के केवल नौ डीडीओ के बचत/ चालू बैंक खाते में ₹25.39 करोड़ की राशि पड़ी हुयी थी। अन्य विभागों से संबंधित सूचना संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की सरकार से प्रतीक्षित (अगस्त 2021) थी। परिणाम स्वरूप, ₹25.39 करोड़ की राशि सरकारी लेखे से बाहर रही।

4.2 कार्यान्वयन अभिकरणों को प्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरित निधियाँ

भारत सरकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए सीधे राज्य कार्यान्वयन अभिकरणों को महत्वपूर्ण निधियां हस्तांतरित करती है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के अनुसार, केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों ने 2020-21 की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के विभिन्न विभागों को सीधे हस्तांतरित निधियों की राशि ₹917.68 करोड़ ***(परिशिष्ट 4.1)*** थी। यह संघ शासित क्षेत्र के बजट के माध्यम से सहायता अनुदान के रूप में केन्द्र प्रायोजित योजना के लिए भारत सरकार द्वारा जारी राशि (₹6,533.49 करोड़) का 14.05 प्रतिशत है। उपर्युक्त के अतिरिक्त, केन्द्र सरकार ने विभिन्न स्वायत्त निकायों, केन्द्र सरकार के संगठनों, समितियों इत्यादि को सीधे ₹1,843.51 करोड़ की राशि निर्मोचित की।

योजनाएं, जहाँ 2020-2 1तक की अवधि के दौरान प्रत्यक्ष वित्त पोषण ₹100 करोड़ से अधिक था, नीचे दी गयी हैं:

तालिका 4.1: भारत सरकार द्वारा सरकारी विभागों को प्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरित निधियाँ

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	भारत सरकार की योजनाओं का नाम	कार्यान्वयन अभिकरणों का नाम	वर्ष 2020-21 के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्मोचन
1	प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि	कृषि उत्पाद विभाग, जम्मू एवं कश्मीर सरकार	708.83
2	एनएफएसए के अंतर्गत एफपीएस डीलर मार्जिन तथा खाद्यान्नों की अंतर्राज्यीय गतिशीलता के लिए राज्य अभिकरणों को सहायता	उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण विभाग, जम्मू एवं कश्मीर	137.84

स्रोत: वित्त लेखे

4.3 स्थानीय निधियों की जमाएं

जम्मू एवं कश्मीर पंचायती राज अधिनियम में उपबंधित है कि हलका पंचायत हलका पंचायत निधि का अनुरक्षण करेगी। इसे मुख्य शीर्ष 8448-स्थानीय निधियों की जमाएं-109-पंचायत निकाय निधियाँ के अंतर्गत रखा जाना है, जिसमें अधिनियम के अंतर्गत वसूल या वसूली योग्य सभी धन और पीआरआई द्वारा अन्यथा प्राप्त समस्त धनराशि, जैसे सरकार से प्राप्त अनुदान और अपने स्वयं के राजस्व शामिल होंगे, जिसमें पंचायत की कर और गैर-कर प्राप्तिसम्मिलित है। नगरपालिका अधिनियम उपबंधित करता है कि नगरपालिका निधि को नगरपालिका द्वारा प्रतिधारित किया जाना है। इस अधिनियम के अंतर्गत वसूल या वसूली योग्य समस्त धनराशि और नगरपालिकाओं द्वारा अन्यथा प्राप्त समस्त धनराशि को मुख्य शीर्ष 8448- स्थानीय निधियों की जमाएं-102-नगरपालिका निधियाँ के अंतर्गत नगरपालिका निधि में रखा जाता है। वर्ष 2020-21 के दौरान उपर्युक्त दो स्थानीय निधियों के अंतर्गत प्राप्ति और व्यय को **तालिका 4.2** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.2: स्थानीय निधियों की जमाएं

(₹ करोड़ में)

वर्ष				2020-21
पंचायत निधि	(8448-109)	अथ शेष	1	शून्य
		प्राप्ति	2	शून्य
		व्यय	3	शून्य
		अंत शेष	4	(शून्य) 0.27
वर्ष के अंत में कुल अंत शेष				
नगरपालिका निधि	(8448-102)	अथ शेष	5	60.26
		प्राप्ति	6	705.53
		व्यय	7	490.52
		अंत शेष	8	275.27 (133.39)

** वित्त लेखे। कोष्ठकों में आँकड़े तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य के 30 अक्टूबर 2019 को समाप्त अंत शेष को दर्शाते हैं जिन्हें दो संघ शासित क्षेत्रों के मध्य द्विभाजित किया जाना है।*

वर्ष 2020-21 के दौरान पंचायत निधि से कोई प्राप्ति तथा व्यय नहीं हुआ है। हालांकि, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य का ₹0.27 करोड़ का अंतशेष है। वर्ष 2020-21 के दौरान नगरपालिका निधि ₹60.26 करोड़ से बढ़कर ₹275.27 करोड़ हो गयी, इसके अलावा जम्मू एवं कश्मीर राज्य का ₹133.39 करोड़ का अंतशेष भी है जिसे दो संघ शासित क्षेत्रों के बीच विभाजित किया जाना है।

पारदर्शिता संबंधी मुद्दे

4.4 उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की प्रस्तुति में विलंब

30 सितंबर 2019 तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा जारी अनुदानों के लिए 31 मार्च 2021 तक बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की स्थिति को, जो अभी भी विभाजित किये जाने हैं, **तालिका 4.3** में दर्शाया गया है:

तालिका 4.3: तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर के उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की प्रस्तुतिमें वर्ष-वार बकाया

(₹ करोड़ में)

वर्ष*	अथ शेष		जोड़		निर्बाधता		प्रस्तुति हेतु देय	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
2018-19 तक	1,133	4,488.84	442	2,585.06	114	1,347.91	1,461	5,725.99
2019-20	1,461	5,725.99	502	2,639.91	157	1,391.70	1,806	6,974.20
2020-21	1,806	6,974.20	1,409	3,102.38	0.00	0.00	3,215	10,076.58

** उपर्युक्त वर्णित वर्ष "देय वर्ष" से संबंधित है अर्थात् वास्तविक आहरण वर्ष के 18 महीनों के उपरांत*

30 सितंबर 2019 तक प्रदत्त अनुदानों हेतु ₹10,076.58 करोड़ की राशि के 3,215 उपयोगिता प्रमाण-पत्र 31 मार्च 2020 तक बकाया थे। बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का वर्षवार विवरण नीचे **तालिका 4.4** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.4: तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर के संबंध में बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का वर्ष-वार विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष*	यूसी की संख्या	राशि
2018-19 तक	1,461	5,725.99
2019-20	345	1,248.21
2020-21	1,409	3,102.38
कुल	**3,215**	**10,076.58**

**उपर्युक्त वर्णित वर्ष "देय वर्ष" से संबंधित है अर्थात् वास्तविक आहरण वर्ष के 18 महीनों के उपरांत*

बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का विभागवार विवरण दर्शाता है कि कुल बकाया प्रमाण-पत्रों में से 83.90 प्रतिशत निम्नलिखित चार विभागों से संबंधित हैं, जिनमें से 57.07 प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण-पत्र केवल शिक्षा विभाग से संबंधित हैं।

चार्ट 4.1: सितंबर 2019 तक प्रदत्त अनुदानों हेतु मुख्य विभागों के संबंध में बकाया यूसी

(₹ करोड़ में)



उपयोगिता प्रमाण-पत्रों के गैर-प्रस्तुतीकरण का अर्थ है कि प्राधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वर्षों से निधियों का व्यय कैसे किया गया। इस बात का भी कोई आश्वासन नहीं है कि इन निधियों को उपलब्ध कराने के अभिप्रेत उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया गया है। यदि ऐसे उपयोगिता प्रमाण-पत्र पूँजीगत व्यय हेतु सहायता अनुदान के प्रतिलंबित हैं तो यह अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। चूँकि उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करना दुर्विनियोजन के जोखिम से भरा होता है, इसलिए यह आवश्यक है किसरकार को इस पहलू का बारीकी से अनुवीक्षण करना चाहिए और संबंधित व्यक्तियों को समय पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

4.5 संक्षिप्त आकस्मिक बिल

संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) बिलों के प्रति आहरित राशि के लिए विस्तृत प्रतिहस्ताक्षरित बिल दो महीने के अवधि के अंदर प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) को प्रस्तुत करने होते हैं। यह देखा गया है कि वर्ष 2020-21 के दौरान ₹5,187.43 करोड़ की राशि के 719 एसी बिल आहरित किये गये थे। 719 एसी बिलों में से, ₹2,379.15 करोड़ (45.86 प्रतिशत) की राशि के 604 एसी बिल केवल मार्च 2021 में आहरित किये गये। मार्च में एसी बिलों के प्रति व्यय इंगित करता है कि आहरण प्राथमिक रूप से बजट प्रावधानों को समाप्त करने के लिए थे और अपर्याप्त बजटीय नियंत्रण को दर्शाते हैं। 31 मार्च 2021 तक, विभिन्न आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा 356 एसी बिलों पर ₹5,280.71 करोड़ की कुल राशि के डीसीसी बिल आहरित किये गये, परंतु प्रधान महालेखाकार (ले. व ह.), जम्मू एवं कश्मीर को प्रस्तुत नहीं किये गये थे। 31 मार्च 2021 तक प्रतीक्षित एसी बिलों की विभाग-वार स्थिति निम्नानुसार है।

तालिका 4.5: संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के विभागों से प्रतीक्षित डीसी बिल

क्र. सं.	विभाग का नाम	बकाया राशि *(₹करोड़ में)*	31 मार्च 2021 को कुल बकाया राशि ₹5,280.71 करोड़ का प्रतिशत
1.	लोक निर्माण	1,629.00	30.85
2.	ग्रामीण विकास	936.14	17.73
3.	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा	557.04	10.55
4.	शिक्षा	320.59	6.07
5.	आवास एवं शहरी विकास	308.93	5.85

स्रोत: वित्त लेखे

चार्ट 4.2: संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के मुख्य विभागों के संबंध में प्रतीक्षित डीसी बिल

(₹ करोड़ में)



स्रोत: वित्त लेखे

इसके अतिरिक्त, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) तक आहरित ₹6,885.63 करोड़ की राशि के 2,237 एसी बिलों के संबंध में डीसीसी बिल 31 मार्च 2021 तक प्रतीक्षित थे। इन बकाया डीसीसी बिलों का द्विभाजन आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के बीच अभी तक किया जाना है। सरकार आकस्मिक बिलों पर आहरित अग्रिमों का विद्यमान नियमों के अंतर्गत यथापेक्षित निर्धारित अवधि के अंदर समायोजन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकती है।

4.6 लघु शीर्ष-800 का अव्यवस्थित प्रयोग

लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियाँ/ अन्य व्यय को केवल तभी परिचालित करना है जब लेखाओंमें समुचित लघु शीर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया हो। बजट और लेखांकन के लिए लघु शीर्ष-800 का नियमित परिचालन, राजस्व या व्यय के समुचित उद्देश्य के

लिए प्राप्ति/व्यय (जैसा भी मामला हो) की पहचान किये बिना लेखाओं को अपारदर्शी बनाता है। वर्ष 2020-21 की अवधि के दौरान, ₹52,495.48 करोड़ की कुल राजस्व प्राप्तियों के लगभग 7.13 प्रतिशत का गठन करते हुए लेखाओं के 38 राजस्व मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹3,741.00 करोड़ (मुख्य शीर्ष 0801 के अंतर्गत विद्युत और विविध विद्युत प्राप्तियों की बिक्री का प्रतिनिधित्व करने वाले ₹2,349.74 करोड़ की राजस्व प्राप्ति सहित) को लघु शीर्ष-800-'अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत दर्ज किया गया था। इसी प्रकार, लेखाओं के 48 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹4,677.34 करोड़ का व्यय, जोकि ₹63,104.13 करोड़ के कुल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय का लगभग 7.41 प्रतिशत था, लघु शीर्ष 800-'अन्य व्यय' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। उदाहरणार्थ जहाँ एक मुख्य शीर्ष के अंतर्गत प्राप्तियों और व्यय का महत्त्वपूर्ण अनुपात (50 प्रतिशत या अधिक/ महत्वपूर्ण राशि) लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियाँ/व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत/ बुक किया गया था, उसे नीचे तालिका में दर्शाया गया है।

सरकार लेखाओं में बेहतर स्पष्टता के लिए, प्रमुख योजनाओं की प्राप्तियों और व्यय को लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय और 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत संयोजित करने के बजाय, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त राशियों और व्यय को स्पष्ट रूप से दर्शाने पर विचार कर सकती है।

तालिका 4.6: वर्ष 2020-21 के दौरान लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अंतर्गत बुक किया गया महत्वपूर्ण व्यय

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय सहित कुल व्यय	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय के प्रति लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय की प्रतिशतता
2075-विविध सामान्य सेवाएं	1.15	1.00	86.96
2211-परिवार कल्याण	212.33	116.31	54.78
3452-पर्यटन	135.03	68.93	51.05
4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	7.37	7.37	100.00
4075-विविध सामान्य सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	70.46	70.46	100.00
4225-एससी/एसटी/ओबीसी के कल्याण तथा अल्पसंख्यकों पर पूँजीगत परिव्यय	31.28	30.94	98.91
4236-पोषण पर पूँजीगत परिव्यय	16.45	16.45	100.00

स्रोतः वित्त लेखे

तालिका 4.7: वर्ष 2020-21 के दौरान लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत बुक की गयी महत्त्वपूर्ण प्राप्तियाँ

मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्राप्तियों सहित कुल प्राप्तियाँ	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्राप्तियाँ	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल प्राप्तियों के प्रति लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्राप्तियों की प्रतिशतता
	(₹ करोड़ में)		
0049-ब्याज प्राप्ति	17.86	17.76	99.44
0059-लोक निर्माण	25.49	19.18	75.25
0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं	19.15	13.01	67.94
0235-सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण	3.47	3.47	100.00
0701-प्रमुख और मध्यम सिंचाई	996.66	996.66	100.00
0702-लघु सिंचाई	9.42	8.65	91.83
0801-विद्युत	2,349.74	2,349.74	100.00

माप संबंधी मुद्दे

4.7 मुख्य उचंत एवं डीडीआर शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष

वित्त लेखे उचंत और प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत निवल शेषों को दर्शाते हैं। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष राशि की गणना समेकन रूप में विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत बकाया डेबिट और क्रेडिट शेष को अलग-अलग करके की जाती है।वर्ष 2020-21 के लिए महत्वपूर्ण उचंत मदों को सकल डेबिट और क्रेडिट शेष के रूप में **तालिका 4.8** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.8: उचंत एवं प्रेषणों के अंतर्गत शेष

लघु शीर्ष	2020-21		
	डेबिट	क्रेडिट	निवल (डेबिट/ क्रेडिट)
8658- उचंत लेखा			**(₹ करोड़ में)**
101-पीएओ उचंत	56.67	0.01	**56.66 (डे.)**
102-उचंत लेखा (सिविल)	47.97	2.44	**45.53 (डे.)**
109-आरबीआई उचंत (मुख्ययालय)	0.16	0.05	**0.11 (डे.)**
110-आरबीआई उचंत (केन्द्रीय लेखे)	0.91	0.08	**0.83 (डे.)**

लघु शीर्ष	2020-21		
	डेबिट	क्रेडिट	निवल (डेबिट/ क्रेडिट)
112-स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) उचंत	-	221.00	**221.00 (क्रे.)**
139-जीएसटी-स्रोत उचंत पर कर कटौती	1.02	5.15	**4.13 (क्रे.)**
8782- समान महालेखाकार/लेखा अधिकारियों को लेखा प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों के मध्य नकद प्रेषण और समायोजन-			
110-विविध प्रेषण	-	632.57	**632.57 (क्रे.)**
8793-अंतर्राज्यीय उचंत लेखा	-	1.93	**1.93 (क्रे.)**

स्रोत: वित्त लेखे

4.8 विभागीय आँकड़ों का गैर-मिलान

विभागों के नियंत्रण अधिकारियों को, व्यय को बजट अनुदानों के अंदर रखने के लिए इस पर प्रभावी नियंत्रण करने और उनके लेखाओं की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए, वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक माह उनके द्वारा उनकी बहियों में दर्ज प्राप्तियों और व्यय का मिलान महालेखाकार (ले. व ह.) के बहीखातों में अभिलेखबद्ध आँकड़ों से किया जाना चाहिए। आँकड़ों का मिलान और सत्यापन वित्तीय प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस संबंध में कोडल प्रावधानों और कार्यकारी अनुदेशों के प्रयोग/पालन में विफलता के परिणाम न केवल गलत वर्गीकरण और लेखाओं में प्राप्तियों और व्यय की गलत बुकिंग के रूप में होता है, बल्कि बजटीय प्रक्रिया का मूल उद्देश्य भी विफल होता है।

चार्ट 4.3 वर्ष 2020-21 के दौरान मिलान की स्थिति

(₹ करोड़ में)



स्रोत: वित्त लेखे

वर्ष 2020-21 के दौरान ₹48,444.58 करोड़ की प्राप्तियों (लोक ऋण को छोड़कर संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की ₹52,495.48 करोड़ की कुल राजस्व प्राप्तियों का 92.28 प्रतिशत) और ₹40,905.14 करोड़ के व्यय (कुल राजस्व का 64.82 प्रतिशत) तथा ₹63,104.13 करोड़ के पूँजीगत व्यय का मिलान कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ले. व ह.) के साथ किया गया था।

4.9 नकद शेषों का मिलान

31 मार्च 2021 तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (पुनर्गठन के पश्चात्) का नगद शेष प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) के अभिलेखों के अनुसार ₹1,447.69 करोड़ (डेबिट) तथा आरबीआई के अनुसार(जैसा कि प्रधान महालेखाकार (ले. व हक.) द्वारा आंकलन किया गया था) ₹1,448.27 करोड़ (क्रेडिट) था। संघ शासित क्षेत्र सरकार तथा अभिकरण बैंक के मध्य गैर-मिलान के कारण ₹0.58 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर था। यह अंतर सरकार के साथ-साथ आरबीआई के साथ मिलानाधीन है। 30 अक्टूबर 2019 को आरबीआई और प्रधान महालेखाकार के आँकड़ों के मध्य ₹83.32 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर भी था, जिसे अभी तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के बीच प्रभाजित किया जाना है।

प्रकटीकरण संबंधी मुद्दे

4.10 लेखांकन मानकों का अनुपालन

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 71 के अनुसार, उपराज्यपाल, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श पर, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के लेखाओं के प्रपत्र निर्धारित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर, भारत के राष्ट्रपति ने अभी तक तीन भारतीय सरकारी लेखांकन मानकों (आईजीएएस) को अधिसूचित किया है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा 2020-21 में इन लेखांकन मानकों का अनुपालन और उनमें कमियाँ नीचे दी गई हैं:

तालिका 4.9: लेखांकन मानकों का अनुपालन

क्र. सं.	लेखांकन मानक	आईजीएएस का सार	संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा अनुपालन	कमी का प्रभाव
1.	**आईजीएएस-1:** *सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियाँ- प्रकटन आवश्यकताएं*	ऐसी प्रत्याभूतियों की एकरूपता और पूर्ण प्रकटीकरण सुनिश्चित करना।	अनुपालन किया गया (वित्त लेखे का विवरण 9 तथा 20)	वर्ष के दौरान प्रत्याभूति की अधिकतम राशि, प्रत्याभूतियों में वृद्धि, लोप जैसी विस्तृत सूचना, प्रत्येक संस्थान हेतु प्रत्याभूतियों के क्षेत्र तथा वर्ग को प्रस्तुत किया गया है।
2.	**आईजीएएस-2:** *सहायता अनुदान का लेखांकन तथा वर्गीकरण*	सरकार के वित्तीय विवरणों में अनुदानकर्त्ता और अनुदानग्राही दोनों के रूप में सहायता अनुदान के लेखांकन और वर्गीकरण के सिद्धांतों को निर्धारित करना।	अनुपालन नहीं किया गया (वित्त लेखे का विवरण 10)	(i) राजस्व अनुभाग के अंतर्गत वर्गीकृत किये जाने वाले कुछ सहायता अनुदानों को पूँजीगत अनुभाग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। (ii) संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा विभिन्न रूप से दिये गये सहायता अनुदानों के संबंध में सूचना प्रस्तुत नहीं की गयी है।
3.	**आईजीएएस-3:** *सरकार द्वारा दिये गये ऋण एवं अग्रिम*	सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय रीतियों के अनुरूप सरकार द्वारा दिये गये ऋणों और अग्रिमों पर पर्याप्त प्रकटीकरण सुनिश्चित करने के लिए।	अनुपालन नहीं किया गया (वित्त लेखे का विवरण 7 एवं 18)	संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा बकायों तथा उस पर प्रोद्भूत ब्याज की वसूलियों के विवरण प्रस्तुत नहीं किये गये।

4.11 स्वायत्त निकायों के लेखाओं/ पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

सरकार द्वारा स्थापित स्वायत्त निकायों (एबी) के लेखाओं की प्रमाणन लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (डीपीसी) अधिनियम, 1971 की धारा 19 (2), 19 (3) तथा 20 (1) के अंतर्गत संचालित की जाती है। उपर्युक्त धाराओं के अनुसार लेखापरीक्षा अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले एबी को प्रत्येक वर्ष 30 जून से पूर्व लेखापरीक्षा के लिए वार्षिक लेखे प्रस्तुत करना आवश्यक है। आठ स्वायत्त निकायों के संबंध में, जिन्हें सीएण्डएजी को वार्षिक लेखे प्रस्तुत करने थे, 32 लेखे एक से 12

वर्षों के बीच तक की अवधि में प्रस्तुत नहीं किये गये थे, जैसाकि नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

तालिका 4.10: स्वायत्त निकायों द्वारा लेखाओं का गैर-प्रस्तुतीकरण

क्र. सं.	निकाय/ प्राधिकरण का नाम	लंबित लेखे (वर्षों)	लंबित लेखाओं की संख्या 2020-21
1	प्रतिपूरक वनरोपण प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए)	12	12
2	शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, (एसकेयूएएसटी) श्रीनगर, कश्मीर	11	11
3	शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,(एसकेयूएएसटी), जम्मू	01	01
4	जेके कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)	01	01
5	जम्मू एवं कश्मीर आवास बोर्ड	01	01
6	जेएण्डके खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईबी)	01	01
7	जेएण्डके भवन तथा अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी)	02	02
8	जेएण्डके राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए)	03	03
	कुल		**32**

